तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 लिमाही व कर्मा चौक बेरला में दो साल में ही अलग-अलग जगहों पर...

12 घर उजाड़ने वाली महिलाओं पर महिला आयोग ...


स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9340751120, 9131330801
पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे का पेड़ सूखा हादसे की आशंका बढ़ी



**बेरला।** लोकनिर्माण विभाग उपसंभाग बेमेतरा अंतर्गत नगर पंचायत बेरला में रायपुर मार्ग पर एक बड़े वृक्ष के सूख जाने से हादसे की संभावना बढ़ गई। शिकायत के बावजूद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। समीप में ही नगर मुख्यालय में विश्राम गृह स्थित है, जहाँ पर रोजाना विभाग के दो सब इंजीनियरों का निरन्तर उपस्थिति बना रहता है। गौरतलब हो कि बेरला स्थित यह मार्ग ज़िला मुख्यालय बेमेतरा को प्रदेश की राजधानी मुख्यालय रायपुर से जोड़ता है। जहाँ से रोजाना हज़ारो वाहनों का आना-जाना लगे रहता है। क्षेत्र के रहवासियों व राहगीरों का मानना है कि प्रशासन को जवाबदारी के साथ उक्त सूखे वृक्ष को काटकर वहां से हटा देना चाहिए ताकि भूलवश कभी दुर्घटना न हो।

परेशानी : देवकर तहसील इलाके के ग्राम डीहपारा बासीन का मामला

# कच्ची सड़क पर कर दी बोआई, रास्ता मांगने प्रशासन के पास पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकासखण्ड एवं देवकर तहसील इलाके के ग्राम डीहपारा बासीन में सुरही नदी के किनारे एक स्थानीय जमींदार द्वारा कृषि कार्य व आम रास्ते के लिए उपयोगी खाली जमीन पर अपना हक जताते हुए अपने अन्य खेत में मर्ज कर उस मार्ग में फसल बुआई कर दी गयी है। लिहाजा क्षेत्र से जुड़े ग्रामीण रहवासियों व राहगीरों को आवागमन के लिए बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि अभी बरसात का मौसम शुरू हो चुका है तो अब उक्त खेत की मेड़ पर से चलना व गुजरना भी मुश्किल हो गया है। उसके बावजूद प्रभावित इलाके के बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं भी उक्त मुख्य ग्राम व अन्य क्षेत्रों में जाने के लिए खेतों से होकर गुजर रहे हैं।वहीं, अब इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ति किसानों व डीहपारा बासीन बस्ती के ग्रामीणों ने पंचायत सरपँच व सचिव के साथ मिलकर बेमेतरा कलेक्टर ▶▶| शेष पेज 13 पर

- ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रास्ता दिलाने की मांग की



### पहले भी की गई थी बोआई, तहसीलदार ने साफ करवाया था रास्ता

गौरतलब हो कि सालभर पूर्व में भी इसी तरह से जमीन मालिक द्वारा उक्त रास्ते को अपने हक़ में बताते हुए धान लगा कर रास्ता बाधित कर दिया गया था। किंतु, बाद में तत्कालीन देवकर तहसीलदार उमेश कुमार लहरी ने रास्ता साफ करवाया था। वहीं, अब फिर इसी तरह विषम परिस्थितियों से प्रभावित ग्रामीण काफी खासे परेशान हैं। इस संबंध में पीड़ति ग्रामीण व आवेदक डॉ पवन कुमार निषाद बताते हैं कि बरसात के इस दौर में रोजाना अनेक स्कूली बच्चे पढ़ने के लिए खेत या उसकी मेढ़ से होकर पढ़ाई करने जा रहे हैं। वहीं, मोटरसाइकिल व अन्य साधनों वाले को गाड़ी खेत के पहले बस्ती में रखने या फिर 5 किलोमीटर घूमकर अकलवारा एवं अभी सूखी नदी से होकर उस बस्ती में पहुंचना पड़ता है, जो काफी बड़ी समस्या है।

### की जाएगी जांचः एसडीएम

इस मामले में जमीन मालिक से उनका पक्ष नहीं मिल पाया है। लेकिन ग्रामजनों के मुताबिक उनके पास उक्त रास्ते का मालिकाना अधिकार पूर्वजों का बताया जाता है, जिसमें कई दशकों से आवाजाही निरन्तर बनी हुई है, जो अभी के घटनाक्रम से अवरुद्ध हो चुका है। इस मामले में साजा एसडीएम डीआर रात्रे ने बताया कि इसमें जांच की जाएगी, अगर जमीन सरकारी है तो बेजा कब्जा खाली कराया जाएगा और कहीं जमीन निजी है, तो फिर वैकल्पिक मार्ग पर विचार किया जाएगा, ताकि ग्रामीण रहवासियों को किसी तरह परेशानी न हो।

# देवरबीजा आयुर्वेद औषधालय कार्यालय का फर्श उखड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

शासकीय आयुर्वेद औषधालय देवरबीजा कार्यलय की फर्श उखड़ गया है। वही जमीन की सतह धंसने के कारण कार्यलय की बाहरी सतह जर्जर हो गई है।

- जमीन धंसने से बढ़ी परेशानी



आयुर्वेद चिकित्सालय ऐसे स्थान पर निर्माण किया गया है, जहां पर बारिश के दिनों में घुटनों तक पानी भर जाते है। अभी वर्षा ऋतु लग चुकी है। बारिश होने के चलते पानी का जमाव होगा। इससे जमीन की नमी होने के चलते दीवार व फर्श में दरार आने लगी है। इससे निर्माण एजेंसी व ▶▶| शेष पेज 13 पर

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411



